MUNGER UNIVERSITY मुंगेर विश्वविद्यालय

# Munger University, Munger

Administrative Block, Shastrinagar, Munger – 811201

## DEPARTMENT OF EXAMINATION

## नोटिस

**विषय: सी० आई० ए० (CIA) और ई० एस० ई० (ESE) से संबंधित महत्वपूर्ण निर्देश – स्नातक (CBCS) सेमेस्टर प्रणाली के अंतर्गत**

चार वर्षीय स्नातक (CBCS) कार्यक्रम में अध्ययनरत विद्यार्थियों को सूचित किया जाता है कि उनकी उपस्थिति एवं सी0 आई0 ए0 (निरंतर आंतरिक मूल्यांकन) के आधार पर अंतिम सेमेस्टर परीक्षा (ESE) में सम्मिलित होने की पात्रता निम्नलिखित रूप में निर्धारित की गई है:

1. वे विद्यार्थी जिन्होंने सी० आई० ए० उत्तीर्ण कर लिया है तथा कम से कम 75% उपस्थिति प्राप्त की है, उन्हें ई० एस० ई० (ESE) में सम्मिलित होने की अनुमति दी जाएगी।

2. वे विद्यार्थी जिनकी उपस्थिति 75% से कम है तथा जिन्होंने सी० आई० ए० भी उत्तीर्ण नहीं किया है, उन्हें किसी भी परिस्थिति में ई० एस० ई० (ESE) में सम्मिलित होने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

**परीक्षा परिणामों की घोषणा के संबंध में दिशा-निर्देश:**

- प्रत्येक पाठ्यक्रम/पत्र में (CIA एवं ESE सहित) न्यूनतम **'P'** ग्रेड प्राप्त करना अनिवार्य है, तभी विद्यार्थी को सेमेस्टर में उत्तीर्ण घोषित किया जाएगा।

**ग्रेडिंग प्रणाली:**

| क्रम संख्या | ग्रेड | प्रतिशत सीमा | अंक (10-बिंदु) | ग्रेड विवरण |
|---|---|---|---|---|
| 1 | O | 90% और उससे अधिक | 10 | उत्कृष्ट |
| 2 | A+ | 90% से कम परंतु ≥ 80% | 9 | अतिउत्तम |
| 3 | A | 80% से कम परंतु ≥ 70% | 8 | बहुत अच्छा |
| 4 | B+ | 70% से कम परंतु ≥ 60% | 7 | अच्छा |
| 5 | B | 60% से कम परंतु ≥ 55% | 6 | औसत से ऊपर |
| 6 | C | 55% से कम परंतु ≥ 50% | 5 | औसत |
| 7 | P | 50% से कम परंतु ≥ 45% | 4 | उत्तीर्ण |
| 8 | F | 45% से कम | 0 | अनुत्तीर्ण |
| 9 | Ab | अनुपस्थित | 0 | अनुपस्थित |

MUNGER UNIVERSITY मुंगेर विश्वविद्यालय

# Munger University, Munger

Administrative Block, Shastrinagar, Munger – 811201

**अन्य महत्वपूर्ण निर्देश:**

- सी० आई० ए० मूल्यांकन संबंधित शिक्षक द्वारा किया जाएगा तथा वे ही विभागाध्यक्ष को अंक प्रस्तुत करेंगे।
- छात्र तभी विश्वविद्यालय परीक्षा (प्रत्येक सेमेस्टर) में सम्मिलित हो सकेंगे जब उन्होंने थ्योरी एवं प्रायोगिक कक्षाओं में न्यूनतम 75% उपस्थिति तथा सभी सी० आई० ए० उत्तीर्ण कर ली हों।
- प्रोजेक्ट/डिसर्टेशन का मूल्यांकन भी सी० आई० ए० और अंतिम सेमेस्टर परीक्षा दोनों पर आधारित होगा।
- स्नातक कार्यक्रम अधिकतम सात वर्षों के भीतर पूर्ण किया जाना आवश्यक है। विशेष परिस्थितियों में अकादमिक परिषद एक वर्ष की अतिरिक्त छूट प्रदान कर सकती है।
- गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं अथवा अन्य अति आवश्यक कारणों की स्थिति में, उपस्थिति में अधिकतम 15% तक की छूट प्रदान की जा सकती है।

परीक्षा नियंत्रक

मुंगेर विश्वविद्यालय, मुंगेर